भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2448
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**कर्नाटक में एसडीएस, एसडीएस 2.0 और एसएएससीआई योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाएं**

**†2448. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0 और 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)-वैश्विक स्तरीय प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कर्नाटक में प्रस्तावित प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति तथा 2020 से चल रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) दिनांक 31/3/2025 तक केंद्र सरकार के पास कर्नाटक राज्य सरकार के लंबित प्रस्तावों की संख्या कितनी है और इसमें देरी के क्या कारण हैं; और

(घ) पर्यटन परियोजनाओं में तेजी लाने और लंबित प्रस्तावों के समाधान के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)- स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना' और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों और अन्य निर्देशों के साथ अनुरूपता, पारस्परिक प्राथमिकता, धन की उपलब्धता आदि के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने कर्नाटक सहित देश में राज्यों को पूंजी

निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत पर्यटन विकास के लिए भी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एसडी 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत कर्नाटक राज्य में स्वीकृत और चल रही परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने सीबीडीडी के अंतर्गत कर्नाटक में 'बीदर' और 'उडुपी' को पर्यटन स्थलों के रूप में चिह्नित किया है। हालाँकि, इन स्थलों पर किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी गई है और कर्नाटक राज्य सरकार को आवश्यक मंज़ूरी लेने की सलाह दी गई है।

परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने के लिए पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकारों के साथ समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करता है। वर्तमान में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत कर्नाटक की कोई भी अन्य परियोजना पर्यटन मंत्रालय के विचारार्थ सूचीबद्ध नहीं है।

******

**अनुबंध**

श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी द्वारा कर्नाटक में एसडीएस, एसडीएस 2.0 और एसएएससीआई योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2448 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**कर्नाटक में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 2023-24 | 25.63 |
| 2. | मैसूरू में टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 2.71 |
| 3. | मैसूरू में ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 18.48 |

**कर्नाटक में एसएएससीआई योजना तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु में रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 2024-25 | 99.17 |
| 2. | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 2024-25 | 100.00 |

**कर्नाटक में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 |
| 2. | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 |
| 3. | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 |

*******